<u>प्रसार भारती</u>
<u>प्रादेशिक समाचार एकांश</u>
<u>आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)</u>
<u>प्रादेशिक समाचार बुलेटिन</u>

18.45 बुधवार                                                                 दिनांक 11.02.2026

मुख्य समाचारः–
राज्य में समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को तीन हजार एक सौ रूपए प्रति क्विंटल के मान से अंतर की राशि होली से पहले एकमुश्त मिलेगी।

श्रम विभाग ने पंजीकृत श्रमिकों के लिए ई–केवाईसी कराना अनिवार्य कर दिया है।

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन बाईस फरवरी को किया जाएगा।

विश्व रेडियो दिवस तेरह फरवरी के मौके पर आकाशवाणी और यूनेस्को द्वारा रायपुर में एक समारोह का आयोजन किया जाएगा–इस वर्ष की थीम है – रेडियो और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस।

<u>मंत्रिपरिषद–निर्णय</u>
राज्य में समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को तीन हजार एक सौ रूपए प्रति क्विंटल के मान से अंतर की राशि होली से पहले एकमुश्त मिलेगी। कृषक उन्नति योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा धान के मूल्य के अंतर की राशि करीब दस हजार करोड़ रूपए का भुगतान किया जाएगा। यह निर्णय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज हुई कैबिनेट की बैठक में लिया गया।

बैठक के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा किसानों से समर्थन मूल्य पर तीन हजार एक सौ रूपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की जा रही है, जो देश में सर्वाधिक है।

उपमुख्यमंत्री श्री साव ने बताया कि बैठक में छत्तीसगढ़ विधानसभा के इस महीने से शुरू होने जा रहे बजट सत्र के लिए राज्यपाल के अभिभाषण का भी अनुमोदन किया गया।

<u>श्रम विभाग–ई–केवाईसी</u>
श्रम विभाग के अंतर्गत छत्तीसगढ़ भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल तथा छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल में पंजीकृत श्रमिकों के लिए ई–केवाईसी कराना अनिवार्य कर दिया गया है। ऐसे पंजीकृत श्रमिक जिनका विवरण खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग के डाटा से आंशिक रूप से मिलान हो रहा है, उनका नाम आधार कार्ड में दर्ज नाम के अनुरूप सत्यापित किया जाएगा। जिन हितग्राहियों के श्रमिक पंजीयन कार्ड में अंकित नाम और आधार कार्ड में अंकित नाम में भिन्नता पाई गई है, उन्हें अनिवार्य रूप से ई–केवाईसी कराना होगा।

<u>मुख्यमंत्री–जीपीएम</u>
गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले के स्थापना दिवस पर गौरेला में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जिला अस्पताल के नये भवन के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। सौ बिस्तरों की सुविधा वाला यह भवन करीब अट्ठारह करोड़ रुपये की लागत से तैयार होगा। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नए अस्पताल भवन का निर्माण जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को नई मजबूती देगा।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में जिले की बावन ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त और इकहत्तर ग्राम पंचायतों को बाल विवाह मुक्त घोषित किया। इस मौके पर इन पंचायतों के सरपंचों को सम्मानित किया गया। वहीं, मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत तीन जागरूकता प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। फाइलेरिया उन्मूलन अभियान पच्चीस फरवरी तक चलेगा।

पीएससी–परीक्षा

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा–पीएससी का आयोजन बाईस फरवरी को किया जाएगा। यह परीक्षा दो सौ अड़तीस पदों के लिए सभी जिला केन्द्रों में दो पालियों में होगी। परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। प्रतिभागी आयोग की आधिकारिक वेबसाइट से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

विशेष कार्यक्रम

आकाशवाणी, नई दिल्ली के समाचार सेवा प्रभाग द्वारा आज रात्रि साढ़े नौ बजे से ''चर्चा का विषय है'' कार्यक्रम के तहत ''नक्सलवाद के विरूद्ध जन आंदोलन में आकाशवाणी की प्रभावी भूमिका'' विषय पर एक कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा। यह कार्यक्रम प्रादेशिक समाचार एकांश, रायपुर द्वारा तैयार किया गया है। इस कार्यक्रम को आकाशवाणी के मोबाइल ऐप न्यूज ऑन एआईआर और यू–ट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर ऑफिशियल पर भी सुना जा सकता है।

उपमुख्यमंत्री–विद्युत उपकेन्द्र

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज कबीरधाम जिले के ग्राम सेमो में दो करोड़ अड़तीस लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले विद्युत उपकेन्द्र के लिए भूमिपूजन किया। इस उपकेन्द्र के स्थापित होने से आसपास के दस गांव लाभान्वित होंगे और करीब दो हजार से अधिक उपभोक्ताओं को नियमित विद्युत आपूर्ति उपलब्ध हो सकेगी।

विश्व रेडियो दिवस

विश्व रेडियो दिवस तेरह फरवरी के मौके पर आकाशवाणी और यूनेस्को के संयुक्त तत्वावधान में राजधानी रायपुर में एक समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष विश्व रेडियो दिवस की थीम है – रेडियो और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय इस समारोह का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर आकाशवाणी के महानिदेशक राजीव जैन भी उपस्थित रहेंगे।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सत्रों में रेडियो माध्यम के विभिन्न पहलुओं के साथ ही कम्युनिटी रेडियो और इससे संबंधित विषयों पर सत्र आयोजित किए जाएंगे। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होगा।

ड्रोन संपत्ति–सर्वे

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के अंतर्गत संपत्तियों के सटीक निर्धारण और डेटा अपडेट करने के उद्देश्य से जोन क्रमांक–पांच में ड्रोन से सर्वे का कार्य शुरू कर दिया गया है। आधुनिक तकनीक के माध्यम से किए जा रहे इस सर्वे से क्षेत्र की संपत्तियों की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जाएगा। डिजिटल रिकॉर्ड तैयार होने से राजस्व वसूली में पारदर्शिता आएगी और विसंगतियां दूर होंगी।

ट्रेन–परिचालन

रायपुर मंडल में हथबंध–भाटापारा सेक्शन में अंडर ब्रिज निर्माण के लिए गरर्डर लांचिग कार्य के कारण कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। इस कार्य की वजह से चौदह और पन्द्रह फरवरी को रायपुर–बिलासपुर मेमू पैसेंजर, गेवरारोड–बिलासपुर मेमू पैसेंजर, कोरबा–रायपुर पैसेंजर सहित आठ ट्रेनों को रद्द किया गया है। इसके अलावा गोंदिया और झारसुगुड़ा के बीच चलने वाली मेमू पैसेंजर बिलासपुर में ही समाप्त की जाएगी।

वहीं, नागपुर मंडल के अंतर्गत गोंदिया स्टेशन पर विकास कार्य के कारण आगामी चार से छब्बीस अप्रैल तक चौदह ट्रेनों को रद्द किया गया है। रेलवे ने रायगढ़, कोरबा, बिलासपुर, दुर्ग, गोंदिया, नागपुर, अमृतसर और मुंबई रूट के यात्रियों को यात्रा से पहले अपनी ट्रेन की सही जानकारी लेने की अपील की है।

इस बीच, होली के त्यौहार को देखते हुए रेलवे द्वारा दुर्ग–मधुबनी के बीच स्पेशल ट्रेन की सुविधा दी जा रही है। यह ट्रेन एक मार्च को दुर्ग से चलेगी और वहीं, मधुबनी से दो मार्च को दुर्ग के लिए रवाना होगी।

नारायणपुर–मावली मेला

नारायणपुर जिले के प्रसिद्ध माता मावली मेले का आगाज आज से हो गया है। मावली परघाव की रस्म अदायगी और आड़मावली मंदिर की ढाई परिक्रमा के साथ इस पांच दिवसीय मेले का शुभारंभ हुआ। रस्म अदायगी में देवी–देवता और आंगादेव के साथ–साथ क्षेत्र के सभी पुजारी शामिल हुए। इस मौके पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गए हैं। आदिवासी परम्परा के अनुसार एक दिन पहले गोंडवाना समाज द्वारा दुग्गाल और करंगाल परगना के सभी डांग, डोली, आँगा देव को इस मेले में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

रागी–फसल

धमतरी जिले में अब किसान परंपरागत धान फसल के साथ–साथ दलहन, तिलहन और मोटे अनाजों की खेती की ओर अग्रसर हो रहे हैं। इस रबी मौसम में जिले में अट्ठारह हजार हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में दलहन फसलों की खेती की जा रही है। वहीं, लगभग नौ हजार छह सौ हेक्टेयर क्षेत्र में तिलहन की फसल ली जा रही है। जिले में रागी फसल की खेती विशेष रूप से प्रोत्साहित की जा रही है। कम लागत, कम पानी में तैयार होने वाली और पोषण से भरपूर रागी छोटे और सीमांत किसानों के लिए लाभकारी सिद्ध हो रही है। वर्तमान में जिले के बारह सौ किसानों द्वारा रागी की फसल ली जा रही है। इनमें महिला किसान भी शामिल हैं।

मौसम

प्रदेश में अगले सात दिनों तक तापमान में किसी बड़े बदलाव के आसार नहीं है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश का दिन का अधिकतम तापमान बत्तीस डिग्री सेल्सियस रायपुर में और सबसे कम न्यूनतम तापमान आठ डिग्री सेल्सियस अंबिकापुर में दर्ज किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, जगदलपुर, अंबिकापुर और पेण्ड्रा में दिन का तापमान सामान्य से दो डिग्री अधिक दर्ज किया गया।

संक्षिप्त समाचार

- मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर जिले में जनगणना दो हजार सत्ताईस की तैयारियां तेज हो गई हैं। जिला प्रशासन द्वारा जनगणना कार्य को सुव्यस्थित करने के लिए एजेंसी के माध्यम से सत्रह कार्मिकों की नियुक्ति की जाएगी। इसके लिए दो मार्च तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

- कोण्डागांव जिले में कौशल विकास विभाग द्वारा आगामी सोलह और सत्रह फरवरी को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। वहीं, जगदलपुर में सोलह और सत्रह फरवरी को संभाग स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा, जिसमें निजी कंपनियों द्वारा विभिन्न तकनीकी और गैर तकनीकी पदों के लिए साक्षात्कार लिए जाएंगे।

- जशपुर में दो मोटर साइकिलों के बीच हुई टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।